दो शब्द

स्वयंसेवी संस्थाओं को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है। प्रथम श्रेणी में वे संस्थाएँ आती हैं जिनका निर्माण किसी आपातकालीन स्थिति जैसे बाढ़, भूकम्प इत्यादि से उत्पन्न हुई परिस्थितियों के कारण होता है। ये संस्थाएँ इन घटनाओं से हुए विनाश के समय मानवीय सहायता उपलब्ध कराती हैं। इन संस्थाओं का जन्म उसी विशेष उद्देश्य के लिए होता है तथा उद्देश्य के पूर्ण होने के पश्चात् ये समाप्त हो जाती हैं। दूसरी श्रेणी की संस्थाएँ वे हैं। जो स्थानीय रूप से किसी नगर, ग्राम अथवा क्षेत्र की समस्याओं को हल करने में लगी रहती हैं। इनका कार्य क्षेत्र तथा विस्तार भी अत्यन्त सीमित होता है तथा विकास की कोई दूरदृष्टि प्रायः इनके पास नहीं होती। तीसरी श्रेणी की संस्थाएँ सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक होती हैं। इनके पास विकास की दूरदृष्टि तथा दूरगामी योजना रहती है। ये संस्थाएँ किसी एक बिन्दु पर नहीं अपितु समाज एवं राष्ट्र के समस्त विकास के लिए कार्य करती है। ऐसी संस्थाएँ समाज के पिछड़ेपन को दूर करने के प्रयत्नों के साथ–साथ इसके कारणों में भी जाने का प्रयास करती हैं एवं इन कारणों को दूर करती हैं। इनका कार्य तात्कालिक (Ad hoc) न होकर स्थायी लाभ पहुँचाने वाला होता है।

प्रथम तथा दूसरी श्रेणी की संस्थाओं का महत्व कम करके नहीं आंका जा सकता किन्तु फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि तृतीय श्रेणी की संस्थाओं के कार्य अधिक स्थायी एवं दूरगामी प्रभाव छोड़ने वाला होता है। भारत विकास परिषद् इसी तृतीय श्रेणी का एक स्वयंसेवी संगठन है। इसकी शाखाएँ केवल भारत के कोने–कोने में ही स्थित नहीं हैं अपितु विदेशों तक इसका विस्तार हो चुका है। इसके द्वारा किया गया कार्य स्थायी हो इसी दृष्टि से स्थायी प्रकल्प (Permanent Project) की कल्पना की गई। इन प्रकल्पों की परिभाषा में एक आवश्यक तत्व यह है कि इनकी गतिविधि प्रत्येक दिन अथवा साप्ताहिक है।

देश भर में ऐसी स्थायी प्रकल्पों की संख्या लगभग 1100 है। इनमें विकलांग पुनर्वास केन्द्र, विद्यालय, चिकित्सालय, मुक्तिधाम, अस्पतालों में भर्ती मरीजों के तीमारदारों के लिए बनाए गए प्रतीक्षागृह इत्यादि सम्मिलित हैं। इनमें करोड़ो रुपये की पूँजी लगी हुई है तथा हजारों की संख्या में वैतनिक तथा अवैतनिक कार्यकर्ता कार्य करते हैं। इनकी गुणवत्ता एवं कार्यकुशलता किसी भी व्यापारिक संस्थान से कम नहीं है।

डा. के. एल. गुप्ता ने अत्यन्त परिश्रम से इन स्थायी प्रकल्पों का विवरण एकत्र किया है। वे इसके लिए बधाई के पात्र हैं। बहुत प्रयत्न करने पर भी कुछ प्रकल्पों के विवरण प्राप्त नहीं हो सके है। ऐसे प्रकल्पों के संचालकों से मेरा अनुरोध है कि अपना विवरण डा. के. एल. गुप्ता को प्रेषित कर दें ताकि भविष्य में इस पुस्तक के पुनर्वर्द्धित संस्करण में उन्हें सम्मिलित किया जा सके।

आशा है यह पुस्तक का यह नवीन संस्कार परिषद् के विशाल एवं महत्वपूर्ण स्थायी कार्यो की श्रंखला की समुचित झांकी प्रस्तुत करेगा तथा औरों को भी ऐसी कार्य करने के लिए अनुप्राणित करेगा।

– रविन्द्र पाल शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष

आमुख

भारत विकास परिषद् एक ऐसा सांस्कृतिक, समाजसेवी एवं गैर राजनैतिक संगठन है, जिसने भारतीय दर्शन, मूल्यों और संस्कारों को केन्द्र बिन्दु बनाकर विविध पारिवारिक एवं समाजिक प्रकल्पों को अपने हाथ में लेकर भारत के सम्पूर्ण एवं सर्वागीण विकास का प्रकल्प लिया है। समाज सेवा के परिप्रेक्ष्य में यह संगठन समाज के सम्पन्न एवं प्रबुद्धजनों को संगठित कर उनकी क्षमताओं का यथोचित उपयोग करके निर्धन एवं असहाय वर्ग के उन्नयन में लगा है। इस दृष्टि से परिषद् प्रान्तीय एवं शाखा स्तर पर अनेकानेक स्थायी प्रकल्पों का संचालन कर रही है।

वास्तव में किसी भी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन के स्थायी प्रकल्प जहाँ एक ओर उस संगठन की कार्यशैली में स्थायित्व एवं सुदृढ़ता को परिलक्षित करते हैं वहां दूसरी ओर समाज में उसके सेवाभावी एवं संस्कार प्रधान क्रिया कलापों के प्रकटीकरण के प्रभावी एवं स्थायी मानदण्ड सिद्ध होते हैं। इसी सन्दर्भ में परिषद् के विभिन्न स्थायी प्रकल्पों का समग्र चित्र प्रस्तुत करने की दृष्टि से इस पुस्तक के इस नवीन संस्कार का सम्पादन किया गया है। यह उल्लेखनीय है कि इस समय उपलब्ध आँकड़ों एवं प्रान्त स्तरीय व्यवस्थाओं के आधार पर देश भर में लगभग 1,100 प्रकल्प चल रहे हैं, लेकिन इस पुस्तक में उन्हीं प्रकल्पों को शामिल किया गया है। जिनके बारे में शाखाओं/प्रान्तों से विस्तृत जानकारी प्राप्त हो सकी है।

इस दिशा में यह द्वितीय प्रयास है लेकिन कुछ अनेक सीमायें एवं प्रकाशन के चेयरमैन कमियाँ सम्भव हैं। एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री वरिन्द्र सम्भरवाल जी संकलन में केन्द्रीय प्रकाशन समिति के सभी सदस्यों एवं सभी प्रान्तों के महासचिवों के सहयोग के प्रति मैं धन्यवाद ज्ञापित कर ता हूँ।

–डा. के. एल. गुप्ता

अनुक्रमांक

1. हिमाचल प्रदेश पश्चिम	4
2. जम्मू–कश्मीर	5
3. हिमाचल प्रदेश पूर्व	5
4. पंजाब उत्तर	6
5. पंजाब दक्षिण	12
6. पंजाब (पूर्व)	14
7. हरियाणा उत्तर	16
8. हरियाणा दक्षिण	19
9. हरियाणा पश्चिम	20
10. दिल्ली दक्षिण	23
11. दिल्ली उत्तर	25
12. पश्चिमी उत्तर प्रदेश	26
13. रूहेलखण्ड	29
14. ब्रजप्रदेश	30
15. बुन्देलखण्ड	33
16. ब्रह्मावर्त	34
17. अवध गोरक्ष प्रदेश	37
18. काशी प्रदेश	38
19. बिहार दक्षिण	39
20. झारखण्ड	39
21. पश्चिम बंगाल	40
22. उडीसा	41
23. असम	43
24. राजस्थान उत्तर	44
25. राजस्थान पूर्व	45
26. राजस्थान पश्चिम	47
27. राजस्थान मध्य	50
28. राजस्थान दक्षिण	57
29. राजस्थान दक्षिण पूर्व	60
30. मध्य भारत पश्चिम	65
31. मध्य भारत पूर्व	66
32. गुजरात उत्तर–दक्षिण	67
33. महाराष्ट्र (कोस्टल)	68
34. आंध्र प्रदेश	69
35. आंध्र प्रदेश पश्चिम	70
36. कर्नाटका दक्षिण	70
37. केरेला	71
38. तमिलनाडु	72

1. हिमाचल प्रदेश पश्चिम

विकलांग सहायता केन्द्र–1, एम्बुलैन्स–2, औषधि विक्रय केन्द्र–2, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र–1, : कुल 6

नगरोट बागबां (कांगड़ा)

1. विकलांग केन्द्र – यह केन्द्र सन् 1992 से कार्यरत है। इस केन्द्र के संचालन के लिये विकलांग पुनर्वास संस्थान का गठन किया गया है। इस दृष्टि से हिमाचल प्रदेश सरकार के जिला उद्योग केन्द्र से पट्टे पर प्राप्त दो शेडों में वर्कशाप तथा विकलांगों के लिये शयनालय चलाया जा रहा है। इस वर्कशॉप में एल्युमिनियम से बने कृत्रिम अंग तैयार किये जाते हैं। प्रत्येक दशा में लाभार्थी के माप एवं उचित परीक्षण के आधार पर यह अंग प्रदान किये जाते हैं। अगस्त 1992 से मार्च 2005 तक 3470 विकलांगों को कृत्रिम अंग/उपकरण प्रदान किये गये हैं। जिनमें से 2,679 विकलांगों को निःशुल्क प्रदान किये गये हैं। संस्थान का वार्षिक बजट 4.5 लाख रुपये है। इसमें वर्ष 2001–02 से भारत सरकार के 'सामाजिक न्याय एवं शक्तिकरण मन्त्रालय' से 1.25 लाख रुपये अनुदान के रूप में प्राप्त हो रहे हैं। पता–भारत विकास परिषद विकलांग पुनर्वास संस्थान, उद्योग नगर, नगरोटा, बागबां, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) फोन 01892–252329, 253520

2. पंचगव्य औषधालय – इसके द्वारा बिना लाभ–हानि के आधार पर औषधियों का विक्रय किया जाता है।

3. एम्बुलैंस – शाखा सन् 1999 से रोगियों को यह सुविधा प्रदान कर रही है। इसके साथ ही विकलांग व्यक्ति कृत्रिम अंग लगवाने के लिऐ इसी वाहन से बुलाये जाते हैं। शाखा को यह एम्बुलैन्स स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा उपहार में दी गयी थी।

पालमपुर

1. सिलाई केन्द्र – महिलाओं को सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण इस केन्द्र पर दिया जाता है। प्रतिवर्ष 20 से 25 महिलायें लाभान्वित होती हैं।

2. एम्बुलैंस – पालमपुर शाखा अगस्त 1999 से यह सेवा बिना लाभ–हानि के आधार पर प्रदान कर रही है। अब तक 400 रोगी लाभान्वित हो चुके हैं।

3. पंचगव्य औषधालय – इसके द्वारा न लाभ न हानि के आधार पर औषधियों का विक्रय किया जाता है।

2. JAMMU & KASHMIR

एम्बुलैन्स–1, डिस्पैन्सरी–1, स्थायी जलसेवा–1, पार्क अंगीकरण–1 अन्य–2 कुल 6

Shivalik Branch

1. Accupressure It is providing services on every sunday from 5.00 pm to 7.00 pm

Jammu West Branch

1. Ayurvedic Dispensary - It is providing services thrice a week at Smriti Bhawan, Bakshi Nagar.

Vivekanand Branch

1. Maintenance of Garden
2. Adarsh Marriage Bureau

Trikuta Nagar Branch

1. Ambulance Van
2. Permanent Water Tank at Jhuggi Jompri School

---

3. हिमाचल प्रदेश पूर्व

क्लीनिकल लैब – 3

शिमला, कुल्लू एवं पौंटा साहिब शाखायें :

क्लीनिकल लैब – तीनों शाखाओं द्वारा क्लीनिकल लैब चलायी जा रही है, जिसमें रक्त तथा मल–मूत्र का परीक्षण बिना लाभ–हानि के आधार पर किया जाता है। इससे वार्षिक लाभार्थियों की संख्या क्रमशः 2000, 500 तथा 400 है।

4. पंजाब उत्तर

विकलांग सहायता केन्द्र–1, विकलांग पोलियो अस्पताल–1, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र –11, एम्बूलैंन्स–5, स्थायी जल मन्दिर–8, चिकित्सा केन्द्र–1, डिस्पैन्सरी–7, फिजियोथिरेपी केन्द्र–4, बाल संस्कार केन्द्र–3, कम्प्यूटर केन्द्र–3, वाचनालय–3, क्लीनिकल लैब–3, रक्तदान एवं रक्तदान सूची–2, नैत्र बैंक–2, स्कूल छात्र अंगीकरण–3, मलिन बस्ती अंगीकरण–2, स्कैनिंग केन्द्र–1, प्रौढ़ संस्कार केन्द्र–1, जीव दया–1, न्यूरोथिरेपी केन्द्र–1, ऑक्सीजन बैंक–1, नि:शुल्क कोचिंग कक्षायें–1, पार्क अंगीकरण–1, अन्य–7 : कुल 73

प्रान्त स्तरीय प्रकल्प

विकलांग सहायता केन्द्र तथा विकलांग स्वरोजगार एवं पुनर्वास केन्द्र, लुधियाना

विकलांग सहायता केन्द्र लुधियाना का शिलान्यास 16 नवम्बर 1996 को किया गया। इस केन्द्र के निर्माण के लिये प्रेरणा स्रोत श्री प्यारे लाल राही जी थे, जिन्होंने न केवल वहाँ के कार्यकर्त्ताओं को प्रेरित किया वरन् अपने एक मित्र श्री एस॰ एस॰ ग्रेवाल को इस केन्द्र के लिए स्थान देने के लिऐ भी प्रेरित किया। विकलांगों के सहायता कार्य को देख कर पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री स॰ प्रकाश सिंह बादल ने केन्द्र के लिए स्थान दिया और 5 लाख रुपये का अनुदान भी दिया। केन्द्र के निर्माण होने के पश्चात् 19 दिसम्बर 1999 को श्रीमती मेनका गांधी द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। तब से लेकर यह केन्द्र निरन्तर अपने कार्य में अग्रसर है तथा अन्य सेवा कार्य में भी संलग्न हो रहा है। अब इसी केन्द्र में सुनने की मशीनें, अन्य विकलांगों को कृत्रिम अंग देने के अतिरिक्त ट्राईसाईकिल, व्हील चेयरज़, बैसाखी इत्यादि देने को भी व्यवस्था है। इस केन्द्र का संचालन भारत विकास परिषद् चैरिटेबल ट्रस्ट, पंजाब द्वारा किया जाता है।

20 मई 2000 को इसी केन्द्र में विकलांग स्वरोज़गार तथा पुनर्वास का कार्य भी प्रारम्भ किया गया है, जोकि सफलता पूर्ण ढंग से चल रहा है। इसमें मोमबत्तियाँ बनाना, चाक तथा डस्टर बनाना, मोजे बनाना, टेलरिंग का काम, कपड़ा छपवाना, कुर्सियों में बेंत लगवाना, विकास फुट (जयपुर) बनाना, चमड़े की बैल्ट बनाना, टाईपिंग, फ्लावर–पॉट पेंटिंग, कम्प्यूटर ट्रेनिंग, लिफ़ाफे बनाना, फूल पौंधों की नर्सरी इत्यादि का काम चल रहा है। अभी तक हजारों विकलांगों को बस एवं रेलवे पास की सुविधा भी दिलवाई जा चुकी है। 600 से अधिक लोगों को रोजगार दिलवाया जा चुका है। अब तक सरकार की ओर से ऋण दिलवाने का कार्य भी 70 विकलांगों के लिऐ किया जा चुका है।

3200 वर्ग गज में स्थापित इस केन्द्र के पास 12000 वर्ग फीट स्थान और उपलब्ध है। इस केन्द्र में प्रारम्भ से मार्च 2008 तक 768 शिविरों के माध्यम से 29,535 विकलांगों का पंजीयन हुआ, जिसमें से 25,816 विकलांगों को कृत्रिम अंग दिये गये। आज तक 2,132 पोलियो ऑपरेशन किये गए। 1,670 विकलांगों के पुनर्वास में सहयोग दिया गया है। यहाँ 70 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 28 विकलांग हैं।

यह केन्द्र पंजाब प्रान्त तथा जम्मू–कश्मीर प्रान्त के विकलांग लोगों की सेवा हित काम करता आ रहा है। पंजाब प्रान्त के कई जिले जैसे लुधियाना, जालन्धर, कपूरथला, गुरदासपुर तथा मानसा को विकलांगता मुक्त कर चुका है एवं आंशिक तौर पर अमृतसर, रोपड़ तथा होशियारपुर में विकलांग मुक्त करने के प्रयास किये गये हैं।

3 दिसम्बर 2004 को इस केन्द्र को राष्ट्रपति पुरस्कार दिया गया था और जनवरी 2007 में इस केन्द्र को प्रधानमंत्री द्वारा फिक्की पुरस्कार प्राप्त किया गया।

पता : विकलांग सहायता तथा पुनर्वास केन्द्र, सी॰ ब्लॉक, ऋषि नगर, लुधियाना–141001 (पंजाब) फोनः 0161–2303804, 2302373, फैक्स–161–2534037

स्वास्थ्य सेवायेः

पिछले कुछ वर्षो में ट्रस्ट परिसर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में ट्रस्ट परिसर में 18 विभाग दानी सज्जनों के नामों से चल रहें हैं, जिसमें 8 पोली क्लीनिक में, 3 पोलियो हस्पताल में, तीन ग्राम बस्ती में, तीन संस्कार योजना में तथा एक विकलांग पूनर्वास में है। वर्तमान में विभिन्न पैथी के लिए जो दानी सज्जनों ने सहयोग देकर विभाग प्रारम्भ करायें उनमें

1. काहन चन्द अग्रवाल भा.वि.प. पोली क्लीनिक, 2 स्वामी ब्रह्मानंद महाराज (भुरी वाले) भा.वि.प. फिजियोथरैपी, 3 सुमित्रा देवी अग्रवाल भा.वि.प., होम्योचिकित्सा, 4 जानकीदास जैन भा.वि.प. आँख विभाग, 5 हरलाल शीला देवी भा.वि.प. जनरल मैडीसन, 6 सरस्वती देवी जैन भा.वि.प. एक्युप्रैशर विभाग, 7 अमृतलाल अग्रवाल भा.वि.प. स्त्री रोग विभाग, 8 सुहाग रानी शर्मा दंत विभाग पोली क्लीनिक 9. हरिबस्सी भा.वि.प. पोलियो सरजरी एवं जनरल हस्पताल 10 भुषण लाल गोयल भा.वि.प. आप्रेशन थियेटर तथा 11 डॉ. हंसराज अग्रवाल भा.वि.प. जनरल वार्ड स्वाथ्य विभाग शामिल हैं।

ग्राम बस्ती योजना में चल रही चिकित्सा सेवाओं में (1) बिहारी लाल अग्रवाल भा. वि.प. चल चिकित्सा (2) स॰ आत्मासिंह भा.वि.प. चिकित्सा केन्द्र, भेरो मुन्ना तथा (3) स॰ बाबा गुरदित सिंह भा.वि.प. चिकित्सा केन्द्र ललहेडी शामिल हैं। अगस्त 2007 में 'राम प्रकाश विद्यावती जैन' की स्मृति में एक भा.वि.प. लैब एवं डायगनोस्टिक सैन्टर तथा इसी माह में ही 'ओमप्रकाश जैन भा.वि.प. एक्सरे विभाग' भी प्रारम्भ किया गया।

इनके साथ ही 'कैंसर एवं हृदय रोगियो की आर्थिक सहायता' प्रकल्प के अधीन उन मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो मरीज अपना उपचार कैंसर तथा हार्ट की बीमारी के कारण नहीं करा पाते। गत दो वर्षों में 49 हार्ट एवं कैंसर के मरीजों के छः लाख रुपये की धन राशि से सहयोग किया जा चुका है।

ट्रस्ट परिसर में चल रहे शाखायों के स्थायी प्रकल्पः

सराभा शाखा लुधियाना

1. स्वामी बृह्मानंद भुरी वाले भा.वि.प. फिजियोथरेपी केन्द्र– यह केन्द्र 16 नवम्बर 2003 को प्रारम्भ किया गया, जिसमें 2 लाख रुपये की लागत से आधुनिक मशीनें

लगवाई गयी हैं।

2. तारावती पुण्यगोत्रा भा.वि.प. पुस्तकालय – इस पुस्तकालय में विभिन्न अखवार एवं पुस्तकों को बैठकर पढ़ने की व्यवस्था है।

डॉ. किचलू, लुधियाना

1. होम्योपैथिक औषधालय–शाखा ने दिसम्बर 2003 में कम्पेनियन होजरी फेक्ट्री, लुधियाना के सहयोग से श्रीमती सुमित्रा देवी अग्रवाल धर्मार्थ होम्योपैथिक औषधालय की स्थापना की हैं। इसमें विकलांगों को निःशुल्क और अन्य व्यक्तियों को नाम मात्र के मूल्य पर सलाह एवं औषधि उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है।

विवेकानन्द लुधियाना

1. सरस्वती देवी भा.वि.प. कम्प्यूटर शिक्षा केन्द्र–यह केन्द्र श्री एम॰ एल॰ आनन्द जी ने अपनी माताश्री श्रीमती सरस्वती देवी आनन्द के नाम से अर्थिक सहयोग देकर प्रारम्भ कराया। लन्दन स्थित दीदी विनोद खोसला ने एक लाख रु॰ की वित्तीय सहायता देकर इसमें कम्प्यूटर दिये। वर्तमान में इस केन्द्र में 5 कम्प्यूटर लगे हैं।

टैगोर शाखा लुधियाना

1. माधव नेत्र बैंक–इसमें दानी सज्जनों के मरणोपरांत नेत्रदान की इच्छा के लिए फार्म भरे जाते हैं।

हरि बस्सी भा.वि.प. विकलांग पोलियो एवं जनरल अस्पताल

भारत विकास परिषद् का देश भर में **यह** पहला ऐसा अस्पताल है जो केवल पोलियो के रोगियों के आपरेशन के लिये प्रारम्भ हुआ है। इस अस्पताल के लिये 25 लाख रु. सांसद निधि से प्राप्त हुआ है तथा मदन बस्सी परिवार एवं श्री एम. सी. भाटिया के सहयोग से भवन निर्माण कार्य पूरा हुआ है। इस अस्पताल का उद्घाटन 31 मार्च 2007 को पंजाब के मुख्य मंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल के कर कमलो से सम्पन्न हुआ। अस्पताल में प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को पोलियो रोगियों को भर्त्ती किया जाता है तथा अगले दिन रविवार को निःशुल्क आपरेशन किये जाते है। इसमें मार्च 2008 तक 292 पोलियो आप्रेशन किए जा चुके है।

शाखा स्तरीय प्रकल्प

जालन्धर दक्षिण

1. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र – यह केन्द्र 'चमनलाल शर्मा मैमोरियल निःशुल्क सिलाई केन्द्र' के नाम से मॉडल हाउस, जालन्धर में 19 अक्टूबर 2003 से चल रहा है। इसमें 5 सिलाई मशीनें हैं और केन्द्र प्रतिदिन 2.30 से 5 बजे सांय तक चलता है। छः

महीने के प्रशिक्षण के पश्चात् शाखा द्वारा प्रमाण पत्र देने का भी प्रावधान है। प्रकल्प पर वार्षिक व्यय लगभग 24,000 रुपये हैं। पता : 13 बी मॉडल हाउस, जालन्धर।

2. क्लीनिकल लैब– यह लैब 4 अगस्त 2002 से कार्य कर रही है। सभी परीक्षण बाजार से आधे मूल्य पर किये जाते हैं। लैब प्रतिदिन खुलती है। पता : एम॰ आर॰ मैमोरियल चैरिटेबिल क्लीनिकल लैब, अड्डा बस्ती गुजा, (जालन्धर)

3. मलिन बस्ती का अंगीकरण (रसीला नगर)
4. वाटर कूलर सेवायें (ऊधमसिंह नगर)
5. रक्त दान दाता सूची एवं रक्तदान
6. स्कैनिंग केन्द्र (रतन हॉस्पीटल)
7. वाटर कूलर सेवा (बस्ती गुजा)
8. वाटर कूलर सेवा (अमन नगर)
9. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र (गुरुनानक पुरा पश्चिम)
10. प्रौढ़ संस्कार केन्द्र (गुरूनानक देव स्कूल, गुरूनानक पुरा पश्चिम)
11. स्कूली बच्चों का अंगीकरण (पूरे वर्ष की फीस एवं स्टेशनरी की व्यवस्था)
12. वाटर कूलर सेवा (विरडी कॉलोनी)
13. निःशुल्क सिलाई केन्द्र (शम्भु मन्दिर)

जालन्धर मुख्य :

1. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र
2. बाल संस्कार केन्द्र
3. दो बच्चों को पूरे वर्ष निःशुल्क इन्स्यूलेशन
4. अपाहज आश्रम में हाथ गाड़ी की व्यवस्था
5. एक सार्वजनिक शौचालय का रखरखाव एवं सफाई के पूर्ण व्यय

फगवाड़ा

1. एम्बुलैन्स – पिछले 11 वर्षों से
2. निःशुल्क मधुमेह जॉच केन्द्र
3. वाटर कूलर
4. 10 छात्रों का अंगीकरण (पूरे वर्ष के अध्ययन व्यय सहित)

जालन्धर चेतना

1. जीव दया

पठानकोट

1. आयुर्वेदिक डिस्पैन्सरी
2. फिजियोथिरेपी केन्द्र
3. न्यूराथिरेपी केन्द्र
4. शीतल जल व्यवस्था
5. एम्बुलैन्स सेवा
6. ऑक्सीजन बैंक
7. निःशुल्क कोचिंग केन्द्र
8. निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र

छतवाल

1. निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र
2. क्लीनिकल लैब
3. डिस्पैन्सरी
4. पानी की 31 टंकिया

हरयाल

1. संस्कार केन्द्र – संस्कृत स्कूल, हरयाल (पठानकोट)

शाहपुर कण्डी

1. सिलाई केन्द्र
2. औषधि बॉक्स (सात स्थानों पर)
3. पार्क रखरखाव
4. जुगियाल अस्पताल के लिये दूध/डबल रोटी सेवा

सुजानपुर

1. सिलाई केन्द्र (द्वारा – श्री तिलकराज गुप्ता, मौ0 पुरियान, सुजानपुर)

करोली

1. डिस्पैन्सरी
2. संस्कार केन्द्र

विवेकानन्द लुधियाना

1. कम्प्यूटर शिक्षा केन्द्र – यह केन्द्र श्रीमती सरस्वती देवी आनन्द भा॰वि॰प॰

कम्प्यूटर शिक्षा केन्द्र के नाम से ऋषिनगर में चलाया जा रहा है।

टैगोर लुधियाना

1. कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र – रूक्मणी बुद्ध कम्प्यूटर सेण्टर

2. होम्योपैथिक डिस्पैन्सरी – काहनचन्द्र अग्रवाल होम्यो चैरिटेबिल डिस्पैन्सरी श्री राधाकृष्ण मन्दिर कम्प्लैक्स, रेलवे मण्डी कालौनी, लुधियाना में चलायी जा रही हैं। वर्ष में लगभग 4000 रोगी इससे लाभ उठाते हैं।

सराभा, लुधियाना

1. फिजियोथिरेपी केन्द्र – यह केन्द्र ऋषिनगर में विकलांग सहायता केन्द्र पर 'स्वामी वृम्हानन्द भा0वि0प0 फिजियोथिरेपी केन्द्र के नाम से संचालित किया जा रहा है।

दीनानगर

1. सिलाई केन्द्र – भारत प्लास्टिक इण्डस्ट्री

बहरामपुर

1. एम्बूलैन्स
2. समाचार संग्रहालय (मुख्य बाजार)

बटाला

1. फिजियोथिरेपपी केन्द्र – यह केन्द्र 'बलायती राम प्रेमवती गोयल फिजियोथिरेपी एवं पुनर्निवेशन केन्द्र के नाम से 12 फरवरी 2006 को प्रारम्भ किया गया है ।
2. मलिन वस्तियों में वाटर कूलर

खन्ना

1. एम्बूलैन्स सेवा

महावीर, लुधियाना

1. मलिन बस्ती स्कूलों का अंगीकरण – (अ) परवोवाल रोड की झुग्गी क्षेत्र में (ब) धोलेलाल पश्चिम, बाल्मीकि कालोनी में तथा (स) शहीद भगत सिंह कालौनी, बाल्मीकि मन्दिर में।
2. नेत्र बैंक

अमृतसर मुख्य

1. एम्बूलैन्स सेवा
2. निःशुल्क सिलाई स्कूल

अमृतसर सिविल लाइन

1. सिलाई केन्द्र (आयुर्वेदिक कालेज के पास) लोहागढ़ गेट
2. निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण
3. प्रति सप्ताह टी॰बी॰ रोगियों को औषधि वितरण
4. निर्धन स्कूली बच्चों को गोद लेना

अमृतसर जनहित

1. निःशुल्क मधुमेह परीक्षण शिविर
2. 65 विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा

अमृतसर सैण्ट्रल

1. कुष्ठ आश्रम में पुस्तकालय

रय्या

1. रक्तदान दाताओं की सूची एवं रक्तदान

मुकेरिया

1. स्थानीय सिविल अस्पताल के मरीजों को निःशुल्क दुग्ध सेवा।

---

5. पंजाब दक्षिण

एम्बुलैन्स–2, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र–5, पार्क विकास–1, नैत्र प्रत्यारोपण–1, चिकित्सा केन्द्र/ डिस्पैन्सरी–6, स्कूल संचालन–1, संस्कार केन्द्र–1, स्थायी जा सेवा–1, रक्तदान–1, नेत्रदान–1, कुल 19

अबोहर (1)

1. होम्योपैथिक औषधालय – यह औषधालय पिछले 10 वर्षों से जौहरी मन्दिर रोड पर चल रहा है, जिसमें प्रत्येक सप्ताह दो दिन निःशुल्क दवाई की व्यवस्था रहती है। वर्ष में 3 हजार से अधिक रोगी लाभ उठाते हैं।

अबोहर, शिवाजी

1. होम्योपैथिक डिस्पैन्सरी (2) – भाविप अबोहर द्वारा 1998 से लगातार निःशुल्क होम्योपैथिक डिस्पैंसरी चलाई जा रही है। पहली डिस्पैंसरी इंद्रा नगरी के नवयुग मॉडल स्कूल में लगातार चल रही है। वहीं दूसरी डिस्पैंसरी भगवानपुरा में विकास भवन में चलाई जा रही है। इस डिस्पैंसरी में जरूरतमंद लोगों को काफी लाभ मिल रहा है।

2. एम्बूलैंस सेवा – भाविप अबोहर शाखा द्वारा 1997 में शहर के नागरिकों को

मारूति वैन एम्बूलैंस समर्पित की जो शहर के नागरिकों के लिऐ अत्यंत महत्वपूर्ण सावित हुई। परिषद की यह एम्बूलैंस आने के बाद शहर के नागरिकों को भारी सुविधाएं मिली। इस एम्बूलैंस को तब भगत हंसराज जी ने लोगों को समर्पित किया था। परिषद की यह एम्बूलैंस दो लाख 24 हजार 804 किलोमीटर का सफर तय करके अब तक 920 रोगियों को अपने गंतव्य स्थल तक पहुँचा चुकी हैं। इसके पश्चात् शाखा ने 6 लाख रुपये से बनी क्वालिस एम्बूलैंस की सुविधा उपलब्ध कराई है। यह एम्बूलैंस गर्मी में ए0सी0 तथा सर्दियों में हीटर की सुविधा से युक्त है अब तक यह एम्बूलैंस 2.29 लाख किलोमीटर का सफर पूरा कर चुकी है।

3. **सिलाई व कढ़ाई केन्द्र** : भाविप शिवाजी अबोहर की ओर से करीब 10 साल से महिला सिलाई व कढ़ाई केन्द्र चलाये जा रहे हैं। ये केन्द्र अलग–अलग स्थानों पर चलाये जा रहे हैं। जिससे वहॉ रहने वाली लड़कियां इन केन्द्रों का लाभ उठा सकें। इन केन्द्रों से हजारों लड़कियां प्रशिक्षण लेकर आज अपना काम चला रही है। इन केन्द्रों पर प्रशिक्षण लेने के बाद प्रत्येक वर्ष लड़कियों का टैस्ट भी लिया जाता है और टैस्ट के आधार पर उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है।

4. मृतक वाहक वाहन : शाखा द्वारा 23 फरवरी 2002 से लगातार शहर निवासियों को इस वाहन की सुविधा दी जा रही हैं। 3,50,000 रुपये की लागत से बनी इस मुक्ति वाहन के लिए शिवपुरी में एक गैराज भी बनाया गया है।

5. संस्कार केन्द्र – शाखा के एक सदस्य द्वारा प्रदत्त किये गये भवन में एक संस्कार केन्द्र चल रहा है। इस केन्द्र में नर्सरी से आठवी कक्षा तक के बच्चों के लिऐ निःशुल्क ट्यूशन का प्रबन्ध भी किया जाता है।

6. स्थायी जलसेवा – शाखा द्वारा बस स्टैण्ड पर डेढ़ लाख रु0 की लागत से एक स्थायी प्याऊ का निर्माण कराया गया है।

7. रक्त दान सेवा – यह प्रकल्प सन् 1996 में आठ यूनिट रक्त दान करके प्रारम्भ किया गया था और सन् 2006 तक 2993 यूनिट रक्त दान कराया जा चुका है। लगभग 1800 रक्त दानियों की लिस्ट फोन या मोबाइल नम्बर और पूरे पते सहित प्रकल्प प्रभारी के पास रहती हैं और 24 घण्टे किसी भी समय फोन पर प्रभारियों से सम्पर्क किया जा सकता है।

8. नेत्रदान प्रकल्प : शाखा द्वारा यह प्रकल्प पॉच वर्ष पूर्व प्रारम्भ किया गया था और अब तक 168 व्यक्ति मरणोपरान्त अपने नेत्र दान कर चुके हैं और इस आधार पर 336 लोग इस नेत्र दान का लाभ उठाकर दुनिया को देखने योग्य बन चुके हैं।

मोगा

1. डॉ. सूरज प्रकाश विद्या मंदिर स्कूल – यह स्कूल 5 वर्ष से कार्यशील है। इसमें विद्यार्थियों को यूनीफॉर्म, पुस्तकें तथा कापियॉ निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। (सम्पर्क : दूरभाष 01636–223992)

फ़ाज़िल्का

1. स्वामी विवेकानन्द पार्क – यह पार्क फ़ाज़िल्का–अबोहर मार्ग पर 28000 वर्ग फीट क्षेत्र में विकसित किया गया है, जिसमें स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा भी स्थापित की गई है।

जैतू

1. महिला सिलाई केन्द्र (प्रथम) : यह केन्द्र शाखा के भवन में ही पिछले 8 वर्षों से कार्य कर रहा है, जिसमें 15 सिलाई मशीनों एवं 3 कढ़ाई मशीनों की व्यवस्था है।

2. महिला सिलाई केन्द्र (द्वितीय) : यह केन्द्र गाँव चन्द्रभान में स्थापित किया गया है, जो 8 सिलाई मशीनों से सज्जित है।

3. होम्योपैथिक औषधालय : यह औषधालय भी शाखा के भवन में ही पिछले 6 वर्षों से कार्य कर रहा है। वर्ष में लगभग 2000 रोगी निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाते हैं।

फ़रीदकोट

1. नेत्र प्रत्यारोपण – फ़रीदकोट मैडिकल कॉलेज में भारत विकास परिषद नेत्र बैंक स्थापित किया गया है और अब तक 214 नेत्रों का प्रत्यारोपसा हो चुका है।

अन्य शाखायें

1. कोटकपूरा : महिला सिलाई केन्द्र, 2. रामसरा : निःशुल्क होम्योपैथिक डिस्पैन्सरी, 3. भटिण्डा : निःशुल्क होम्योपैथिक डिस्पैन्सरी, 4. वधापुराना : महिला सिलाई केन्द्र, 5. मलोट : निःशुल्क होम्योपैथिक डिस्पैन्सरी

6. पंजाब (पूर्व)

परिषद् भवन–2, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र–3, क्लीनिकल लैब–1, स्थायी जल मंदिर–6, मुक्तिधाम–2, डिस्पैन्सरी–1, डायइग्नोस्टिक केन्द्र–4, बाल संस्कार केन्द्र–1, रक्तदान–3, छात्र सहायता शिक्षा कोष–16, सामूहिक सरल विवाह–1 : कुल 40

पंजाब (पूर्व) प्रान्त में 40 स्थायी प्रकल्प चल रहे हैं, प्रकल्पों के अनुसार विवरण निम्न प्रकार हैं –

	प्रकल्प	शाखायें	संख्या
1.	भारत विकास परिषद चैरिटेबल डाइग्नोस्टिक केन्द्र	चण्डीगढ़, रामदरबार मोहाली, डेराबस्ती	4
2.	परीक्षण प्रयोगशाला	नांगल	1
3.	स्थायी प्याऊ / टैंक / कूलर	धूरी, मण्डी गोविन्दगढ़, सरहिन्द बस्सीपठाना, अमरगढ़, संगरूर	6
4.	बाल संस्कार केन्द्र	चण्डीगढ़ ;पश्चिमद्ध	1
5.	निःशुल्क होमियोपैथिक डिस्पैन्सरी	पटियाला	1
6.	भारत विकास परिषद भवन	पटियाला, डेराबस्ती	2
7.	सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र	चण्डीगढ़, पटियाला, खमानू मण्डी	3
8.	शिक्षा कोष छात्रों की सहायता हेतु	चण्डीगढ़, मोहाली, रोपड़, बस्सी पठाना नांगल, सरहिन्द, मण्डीगोविन्दगढ़, पटियाला, नाभा, राजपुरा, धुरी, मलेरकोटला अहमदगढ़, डेराबस्सी,सुनाम, बरनाला	16
9.	मुक्तिधाम रखरखाव	खमानू मण्डी, बरनाला	2
10.	सामूहिक सरल विवाह	राजपुरा	1
11.	रक्त दान व्यवस्था	मोरिन्दा, बस्सीपठाना, सरहिन्द	3
		योग	**40**

पंजाब (पूर्व) के उपर्युक्त प्रकल्पों में **भारत विकास परिषद् चैरिटेबल डायग्नोस्टिक केन्द्र चण्डीगढ़** के क्रिया–कलाप काफी उल्लेखनीय हैं। यह केन्द्र भारत विकास परिषद चैरिटेबिल ट्रस्ट, चण्डीगढ़ द्वारा चलाया जा रहा है और आयकर में धारा 80जी में दान की करमुक्ति के लिये स्वीकृत है। केन्द्र ने सन् 1997–98 में अपने कार्य का श्री गणेश किया था। सन् 1997–98 में मरीजों की संख्या मात्र 4,087 थी जो 2002–03 में 30,650 हो गयी और 2006–07 में 50,000 से अधिक होने का अनुमान है। केन्द्र की सम्पत्तियों का वर्तमान मूल्य लगभग 20 लाख रूपये और वार्षिक व्यय लगभग 30 लाख रूपये हैं। प्रतिदिन लगभग 200 मरीज केन्द्र की निःशुल्क बाह्यरोगी सलाह सेवा का लाभ उठाते हैं। सभी क्लीनिकल परीक्षण बिना लाभ–हानि के आधार पर किये जाते हैं। केन्द्र की परीक्षण रिपोर्ट पी0जी0आई0 जनरल हास्पीटल तथा सरकारी डिस्पेन्सरियों में मान्य हैं।

यह उल्लेखनीय है कि सन् 1991 में इस केन्द्र का प्रारम्भिक कार्य इन्द्रिरा होलीडे होम में मात्र 200 वर्ग फुट के कमरे में प्रारम्भ हुआ था जो वर्तमान में एक आधुनिक पूर्ण रूपेण डायग्नोस्टिक का रूप ले चुका है। इस केन्द्र में पैथोलोजिकल लैब, हृदय रोग केन्द्र, अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र, एक्सरे केन्द्र तथा दन्त देखभाल केन्द्र के अतिरिक्त ओ॰पी॰डी॰ सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। ओ॰पी॰डी॰ सुविधाओं में स्त्री रोग, सामान्य चिकित्सा, हड्डी रोग तथा होम्योपैथिक सलाह एवं उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यहाँ पर आपरेशन की आधुनिक सुविधाओं सहित एक नेत्र चिकित्सा केन्द्र भी स्थापित किया जा रहा है। यह डायग्नोस्टिक केन्द्र योग्यतम डाक्टरों, तकनीशियनों तथा पर्याप्त स्टाफ से सुसज्जित है।

7. हरियाणा उत्तर

परिषद् भवन–2, एम्बुलेन्स–1, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र–7, क्लीनिकल लैब–5, वाचनालय–1, औषधालय/डिस्पेन्सरी–8, (एक चल डिस्पेन्सरी सहित), फिजियो थैरपी केन्द्र–2, स्कूल अंगीकरण–1, योग केन्द्र–3, स्थायी जल सेवा–1 विविध –4 : कुल 35

पंचकुला

1. फ़िजियोथिरेपी केन्द्र :– पंचकुला शाखा ने 2 लाख रूपये की लागत से एक फिजियोथिरेपी केन्द्र स्थापित किया है। इस केन्द्र का उद्घाटन 3 दिसम्बर 2002 को न्यायमूर्ति जितेन्द्र वीर गुप्ता जी द्वारा किया गया था। इस केन्द्र का वार्षिक व्यय लगभग 2 लाख रुपये हैं।

2. एक्सरे इकाई :– शाखा ने चार लाख रुपये की लागत से एक एक्सरे इकाई दिसम्बर 2003 स्थापित की है। इस पर वार्षिक व्यय लगभग 15,000 रूपये आता है।

3. माता लक्ष्मीबाई परिषद दन्त क्लीनिक :– लगभग डेढ़ लाख रुपये की लागत से यह क्लीनिक जुलाई 2005 में स्थापित किया गया है।

4. स्थायी जल सेवा :– शाखा ने शहर में चार विभिन्न स्थानों पर स्थायी जल सेवा की व्यवस्था की हैं।

5. श्रीमाधव जी परिषद निःशुल्क होम्यो क्लीनिक – बीस हजार रुपये की प्रारम्भिक लागत से इस क्लीनिक की स्थापना जुलाई सन् 2006 में की गई है।

6. श्री मुक्ति नाथ वेद विद्या आश्रम, संस्कृत गुरूकुल पंचकुला :– वर्ष 2005–06 में परिषद द्वारा इस गुरूकुल के छात्रों के लिए प्रतिदिन 10 लीटर दूध तथा प्रतिमाह लगभग 10 हजार रुपये के राशन के अतिरिक्त वस्त्र, पुस्तकें, विस्तर, उत्तर पुस्तिकाएँ इत्यादि उपलब्ध करायी गयीं और इस प्रकार वार्षिक व्यय 2.25 लाख रूपये हुआ।

7. परिषद भवन – शाखा ने अपनी विविध क्रियाकलापों के लिये परिषद भवन भी बनाया है।

अम्बाला कैण्ट

1. होमियोपैथिक डिस्पैन्सरी – यह पिछले 8 वर्षों से कार्यरत है तथा रोगियों को निःशुल्क औषधि प्रदान की जाती है।

पेहोवा

1. सिलाई केन्द्र – यह केन्द्र अग्रवाल धर्मशाला में पिछले 6 वर्षों से कार्यशील हैं इसमें 30 सिलाई मशीनों की व्यवस्था है।

करनाल

1. डिस्पेन्सरी (जुण्डला गेट) – इसमें गरीब रोगियों को निःशुल्क सलाह एवं औषधियॉ प्रदान की जाती हैं । प्रतिदिन लगभग 100 रोगियों को देखा जाता है।

2. डिस्पेन्सरी (रामनगर) यह डिस्पेन्सरी पिछले छः वर्षों से कार्य कर रही हैं । यह दो घण्टे खुलती हैं और लगभग 20 से 25 मरीज़ों को प्रतिदिन देखा जाता है।

3. स्वास्थ्य परीक्षण केन्द्र

सधोरा

1. सिलाई केन्द्र – यह केन्द्र सन् 1999 से कार्य कर रहा है जिसमें निःशुल्क आधार पर 6 माह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की व्यवस्था चल रही है।

2. स्वास्थ्य परीक्षण केन्द्र – यह केन्द्र सर्वमनोकामना मंदिर में साप्ताहिक आधार पर चलाया जाता रहा है जिसमें जरूरतमंद लोगों के लिये स्वास्थ्य परीक्षण की निःशुल्क व्यवस्था है।

3. बस शेल्टर – स्थानीय बस स्टैण्ड पर महिला यात्रियों की दृष्टि से शाखा द्वारा इसका निर्माण किया गया है।

तरावड़ी

1. चिकित्सा वाहन सेवा – जरूरतमन्द लोगों को सहायता करने की दृष्टि से यह सेवा चलायी जा रही है।

2. गौशाला को भूसा – इस व्यवस्था के अन्तर्गत स्थानीय गौशाला को प्रतिदिन निःशुल्क भूसा उपलब्ध कराया जाता है।

पानीपत, मॉडल टाउन

1. सिलाई केन्द्र – यह केन्द्र पिछले छः वर्षों से कार्यशील है।

2. योग प्रशिक्षण – इस व्यवस्था के अन्तर्गत प्रतिदिन योग प्रशिक्षण की सुविधा दी गई है।

समालखा

1. सहायता केन्द्र – सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर निःशुल्क सहायता एवं औषधि उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। यह व्यवस्था दुर्घटनास्थल पर ही प्रदान कराने का प्रयास किया जाता है।

कैथल

1. सिलाई केन्द्र – शाखा द्वारा परिषद् भवन (चिरजींव कालौनी, अम्बाला रोड, कैथल) में निःशुल्क सिलाई केन्द्र चल रहा है। इसमें 6 माह तक कक्षायें लगाने के बाद छात्राओं की परीक्षा स्थानीय आई0टी0आई0 के प्रशिक्षकों द्वारा ली जाती है। इस परीक्षा

मे पास होने वाली छात्राओं को परिषद की ओर से प्रमाण–पत्र दिये जाते हैं।

2. योग प्रशिक्षण केन्द्र – अम्बाला रोड पर स्थित सुन्दर वाटिका में परिषद की ओर से योग प्रशिक्षण केन्द्र चलाया जा रहा है, जिसमें प्रातः एक घण्टे योग प्रशिक्षण दिया जाता है।

लाडवा

1. क्लीनिकल लैबोरेटरी–शाखा ने फरवरी 2007 में सिविल अस्पताल पास एक धर्मार्थ क्लीनिकल लैबोरेटरी प्रारम्भ की हैं। इस लैबोरेटरी में सभी प्रकार के परीक्षण आधुनिक मशीनों एवं योग्य तकनीशियनों द्वारा रियायती शुल्क पर किये जाते हैं।

अम्बाला सिटी

1. परिषद् भवन – अग्रसैन चौक में शाखा ने परिषद भवन बनाया है जिसमें फर्नीचर, जनरेटर इत्यादि की पूरी व्यवस्था है। (दूरभाष – 2533958)

2. संस्कार एवं सिलाई केन्द्र – इस केन्द्र में निकटवर्ती गांवों की छात्राओं के लिये संस्कार शिक्षा एवं सिलाई प्रशिक्षण की व्यवस्था है। यह केन्द्र विगत 20 वर्षों से कार्य कर रहा है और 5000 से भी अधिक महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण प्रदान कर चुका है।

3. सेवार्थ चिकित्सा प्रयोगशाला – यह लैब सन् 1986 से परिषद भवन में चल रही है।

4. चिकित्सा वाहन – यह सेवा परिषद भवन से ही गत 14 वर्षों से चलायी जा रही है यह वाहन प्रयोगशाला X-Ray, E.C.G. Nebuliser तथा रक्त परीक्षण के लिये ऑटो एनालईजर की सुविधा से युक्त है।

5. वाक्यशक्ति थैरेपी (Speech Theraphy) केन्द्र – यह केन्द्र पिछले 8 वर्ष से चल रहा है।

6. योग प्रशिक्षण केन्द्र – यह केन्द्र परिषद् भवन में ही चलाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन प्रातः योग कक्षायें लगती हैं।

जगाधारी

1. पैथोलॉजी लैब – इसमें विविध परीक्षण बहुत रियायती दर पर किये जाते हैं।

2. सिलाई केन्द्र – इसमें निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

यमुना नगर

1. पैथोलॉजी लैब
2. फिजियोथिरेपी लैब

नारायनगढ़

1. बुक बैंक – इस बैंक से निर्धन छात्रों को वापसी की शर्त के आधार पर पुस्तकें निर्गत की जाती हैं।

2. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र – इस केन्द्र पर ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियों को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

---

8. हरियाणा दक्षिण

सिलाई केन्द्र–2, फिजियोथेरेपी केन्द्र–2, डिस्पैन्सरी–1, क्लीनिकल लैब–2, स्थायी जलसेवा–4 स्कूल अगीकरण–1, अन्य–1 कुल 13

मानसरोवर, रोहतक

(1.) फिजियोथैरेपी केन्द्र (2.) आयुर्वेदिक चिकित्सालय (3.) सिलाई–कढ़ाई केन्द्र (4.) प्रयोगशाला (लैब) (5.) मोबाइल रिपेयर प्रशिक्षण केन्द्र

गन्नौर

(1.) शीतल जलसेवा– वाटर कूलर (2.) जलसेवा–हैण्ड पम्प

पलवल

(1.) साप्ताहिक महिला क्लीनिक

महेन्द्रगढ़

(1.) जलसेवा–तीन स्थानों पर पानी की टंकी

सोनीपत

(1.) स्कूल को गोद लेना

नांगल चौधरी

(1.) जलसेवा–दो बड़े वाटर कूलर

फरीदाबाद

(1.) सिलाई केन्द्र–चार स्थानों पर, एक केन्द्र पर थैला बनाने का विशेष प्रशिक्षण

(2.) धर्मार्थ फिजियोथरेपी केन्द्र–शाखा द्वारा एक आधुनिक धर्मार्थ फिजियोथरेपी केन्द्र प्रारम्भ किया गया है।

9. हरियाणा पश्चिम

विकलांग सहायता केन्द्र–1, एम्बुलेंस–1, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र–9, क्लीनिकल लैब–2, स्थायी जल मंदिर–3, पार्क अंगीकरण–3, वाचनालय–2, डिस्पेन्सरी–3, अन्य –7 : कुल 31

हिसार

1. चिकित्सा वाहन सुविधा

2. विकलांग पुनर्वास केन्द्र : 30 मई, 1999 को स्थापित इस केन्द्र में अभी तक 12944 पंजीयन हुए जिसमें से 7290 विकलांगों को कृत्रिम अंग दिये गए हैं। 2.25 एकड़ जमीन इस केन्द्र के पास है। एक वाहन है। अभी तक कुल 86 शिविर लगाये गए हैं। कुल 11 कर्मचारी यहाँ कार्यरत हैं। 100 से अधिक विकलांगों का पुनर्वास किया गया है। 2000 से अधिक पेंशन प्रमाण पत्र व अन्य सहायता दी जा चुकी हैं। विशाल पोलियो निवारण ऑपरेशन शिविर लगाना इस केन्द्र की विशेषता है। अप्रैल, 2006 से जनवरी, 2007 तक 497 कृत्रिम अंग केन्द्र के माध्यम से दिये गए हैं। 7 से 10 सितम्बर, 2006 तक तकनीशियन दक्षता कार्यशाला का आयोजन इस केन्द्र पर हुआ था, जिसमें 10 केन्द्र के तकनीशियन उपस्थित थे।

विकलांगों के पुनर्वास की दृष्टि से केन्द्र द्वारा 4 कोर्स भी चलाये जा रहे हैं जिनमें इलेक्ट्रिक मोटर वाईडिंग, रेडियो, टी0वी0 रिपेयरिंग, कम्प्यूटर तथा सिलाई–कढ़ाई कोर्स शामिल हैं। 194 विकलांगों को इन कोर्सों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। सम्पर्क केन्द्र– न्यू ऋषिनगर, बस स्टैण्ड के पास, हिसार दूरभाष : 01662–23045

3. सिलाई केन्द्र

उकलाना मण्डी

1. पैथोलॉजी लैब – सन् 1999 से

बरवाला

1. टैगोर पुस्तकालय एवं वाचनालय – 8 समाचार पत्रों, 10 पत्रिकाओं सहित लगभग 1500 पुस्तकों तथा प्रतिदिन लगभग 100 अध्ययनकर्ताओं द्वारा प्रयोग किया जाता है।

2. शांतिकुंज – स्वर्ग आश्रम, बरवाला में पार्क निर्माण एवं स्थायी देखभाल।

आदमपुर

1. डिस्पेन्सरी –विवेकानन्द धर्मार्थ डिस्पैन्सरी सन् 2002 से

हाँसी

1. पैथोलॉजी लैब सन् 1996 से

फतेहाबाद

1. डिस्पेन्सरी सन् 1996 से
2. सिलाई केन्द्र

भड़ाना

1. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र 2002 से

ऐलनाबाद

1. सिलाई केन्द्र – गत छः वर्ष से
2. शौचालय – गर्ल्स स्कूल, गांधी चौक और बस स्टैण्ड पर
3. वाटरकूलर – नगरपालिका के पास

डबवाली

1. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र सन् 1995 से

जींद

1. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र सन् 1986 से
2. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र सन् 2002 से

सफीदों

1. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र
2. शहीद भगत सिंह पार्क का निर्माण एवं स्थायी देखभाल

नरवाना

1. विकलांग पुनर्वास सम्पर्क केन्द्र

पिल्लूखेड़ा

1. स्थायी वाटर कूलर

प्रभुवाला

1. स्वर्गाश्रम का स्थायी सम्पर्क केन्द्र

टोहना

1. विकलांग पुनर्वास सम्पर्क केन्द्र
2. पुस्तकालय एवं वाचनालय

सिरसा

1. स्थायी वाटर कूलर
2. डिस्पैन्सरी

मौहब्बतपुर

1. पार्क का निर्माण एवं स्थायी देखभाल
2. स्टेडियम का निर्माण एवं स्थायी देखभाल
3. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र
4. गाँव में स्थायी स्ट्रीट लाइट व्यवस्था
5. शक्तिधाम का स्थायी रखरखाव
6. गाँव के सभी घरो को एक रंग से पोतना
7. गाँव की सभी सड़कों को पक्का करना तथा रखरखाव

10. दिल्ली दक्षिण

एम्बुलेन्स –1, शववाहन –1, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र –1 ,पार्क विकास –1, नेत्र आपरेशन –1, डिस्पेन्सरी–5 (3 चल चिकित्सा वाहन सहित), फिजियोथिरेपी केन्द्र –2, साक्षरता कक्षायें –1, बाल संस्कार केन्द्र –6, महिला/युवा संस्कार एवं योग केन्द्र –7, विविध –3 कुल : 29

दिल्ली (दक्षिण) प्रान्त में प्रान्तीय स्तर पर तथा विभिन्न शााखाओं द्वारा संचालित स्थायी प्रकल्पों का विवरण निम्न प्रकार है –

1. कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र – यह केन्द्र ग्रीन पार्क शाखा द्वारा संचालित है और उसके पुनरूत्थान के लिये डी॰ ए॰ वी॰ मॉडल स्कूल यूसूफ सराय नई दिल्ली में उपलब्ध सुविधाऐं बिना किसी भुगतान के आधार पर प्रयोग की जा रही हैं। प्रान्त की सभी शाखाओं के लिये यह विकल्प है कि वे इस केन्द्र में 3 से 9 माह के डिप्लोमा पाठयकमों के लिये निर्धन छात्र/छात्राओं केा भेज सकते है।

2. सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र – यह केन्द्र 5 सिलाई मशीनों से प्रारम्भ किया गया और इसमें सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है।

3. एलौपेथिक चिकित्सा वाहन – यह सुविधा ग्रेटर कैलाश –1 शाखा द्वारा 2.79 लाख रूपये के विनियोग से प्रारम्भ की गई है। यह चल वाहन विभिन्न क्षेत्रों में जाकर रोगियों का परीक्षण उपचार तथा औषधि वितरण का कार्य करता है। इसके द्वारा नेत्र–परीक्षण सेवा कार्य भी किया जाता है।

4. होमियोपैथिक क्लीनिक – प्रान्त में ऐसे दो क्लीनिक ग्रैटर कैलाश –1 तथा महारानी बाग शाखाओं द्वारा चलाये जा रहे है।

5. होमियोपैथिक चिकित्सा वाहन – यह सुविधा जनकपुरी सी –2 शाखा द्वारा संचालित की जा रही है।

6. आयुर्वेदिक क्लीनिक – यह सुविधा भी जनकपुरी सी – 2 शाखा द्वारा संचालित की जा रही है।

7. फिजियोथिरेपी सेन्टर – यह केन्द्र लगभग 2 लाख रुपये की लागत से जनकपुरी मुख्य शाखा द्वारा स्थापित किया गया है जिसमें फिजियोथिरेपी की आधुनिक सुविधायें उपलब्ध है। जनकपुरी –बी ब्लाक द्वारा भी फिजियोथिरेपी सेन्टर स्थापित किया गया है।

8. दन्त परीक्षण वाहन – दन्त रोगो का परीक्षण करने तथा उनके सम्बन्ध में सलाह देने के लिये चल वाहन की सुविधा (दिल्ली दक्षिण) द्वारा प्रान्तीय स्तर पर विकसित की गई है। इस सुविधा को विकसित करने में 6 लाख रूपये से अधिक का विनियोग किया गया है।

9. नेत्र परीक्षण क्लीनिक – यह सुविधा जनकपुरी मुख्य शाखा द्वारा परिचालित है।

10. साक्षरता कक्षायें – वसन्तकुंज शाखा द्वारा साक्षरता अभियान के लिये नियमित रूप कक्षा चलायी जा रही है।

11. शव वाहन – यह सुविधा तिलकनगर शाखा द्वारा लगभग 2 लाख रूपये के विनियोग से प्रारम्भ की गई है।

12. स्कूलों में बाल संस्कार योजना – जनकपुरी ए बी सी –2 तथा एम शाखाओं और लाजपत नगर –सी तथा निजामुददीन डब्ल्यू शाखाओं में 6 स्कूलों में नियमित रूप से बाल कल्याण एवं बाल संस्कार योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

13. बाल संस्कार/युवा संस्कार/महिला संस्कार/योग केन्द्र – प्रान्त में विभिन्न शाखाऐं 7 केन्द्रों पर बाल संस्कार/युवा संस्कार/महिला संस्कार/योग केन्द्र से सम्बंधित कार्यक्रमों का नियमित रूप से आयोजन करती है।

14. वरिष्ठ नागरिक कल्याण – जनकपुरी ए, बी, सी–2 तथा एम शाखाओं के साथ ही ग्रेटर कैलाश–1 और ग्रीन पार्क शाखायें नियमित रूप से वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा एवं कल्याण से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन करती है।

15. बस्ती अंगीकरण – इस योजना के अन्तर्गत प्रान्त की विभिन्न शाखाओं ने 13 बस्तियों/झुग्गियों को अंगीकृत किया है जिनमें चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया है।

16. पार्क अंगीकरण – प्रान्त में एक पार्क भी अंगीकृत किया गया है जिसमें परिषद की ओर से बेन्चों का निर्माण कराया गया है तथा कूडेदानों की व्यवस्था कराई गयी है।

17. वनवासी कल्याण आश्रम सहायता केन्द्र – प्रान्त ने दिल्ली के अन्य प्रान्तों के साथ मिलकर असम में वनवासी केन्द्रों में 4 एकल विद्यालयों तथा उमस्वाई परियोजना को लिया है। इसमें दिल्ली (दक्षिण) ने 2.5 लाख रुपये प्रदान करने का लक्ष्य रखा था और अब तक 2.67लाख रूपये अब तक प्रदान किया जा चुका है।

कुल मिलाकर वर्तमान में दिल्ली (दक्षिण) प्रान्त में 28 स्थायी प्रकल्प (उर्पयुक्त में न. 15 तथा 16 को छोडकर) चल रहे हैं। इनके अतिरिक्त विकलांग सहायता/पुनर्वास योजना के अन्तर्गत भी प्रान्त का विशिष्ट योगदान रहा है।

11. दिल्ली उत्तर

विकलांग पुनर्वास फाउण्डेशन–2	कुल : 2

भारत विकास परिषद् विकलांग पुनर्वास फाउण्डेशनः

भारत विकास परिषद्–दिल्ली उत्तर के अन्तर्गत भारत विकास परिषद् विकलांग पुनर्वास फाउण्डेशन पिछले काफी समय से विकलांगों, गरीब एवं असहाय लोगों के कल्याणर्थ सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। फाउण्डेशन के तत्वावधान में शालीमार बाग और किशनगंज में दो केन्द्र कार्यरत हैं, जिनकी कार्यप्रगति निम्न प्रकार हैः

1. विकलांग फाउण्डेशन केन्द्र, किशनगंज–इस केन्द्र पर उपलब्ध सुविधाये है – (अ) विकलांगों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ, पैर, पंजे, कैलीपर, ट्राईसिकल, कान की मशीने इत्यादि का वितरण की व्यवस्था, (व) गरीब कन्यायो को सिलाई कढ़ाई, मेंहदी, ब्यूटीशियन और कम्प्यूटर के प्रशिक्षण की व्यवस्था, (स) गरीब एवं असहाय लोगों के लिये नेत्र, दन्त चिकित्सा एवं एक्मूप्रेशर शिविरों का आयोजन (द) आँखों के निःशुल्क आपरेशन की व्यवस्था (य) गरीब पुरुषो एवं सभी महिलाओं की सुविधा के लिये सप्ताह में दो वार निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था (र) वरिष्ठ नागरिको के लिये केन्द्र में बैठने, पुस्तकालय, वाचनालय और समाचार पत्रों व दूरदर्शन की सुविधा (सम्पर्क : बस्ती विकास केन्द्र, चन्द्रशेखर आजाद कालोनी, किशनगंज, दिल्ली दूरभाषः 23691300)

